# गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे के लिए कर्ज

## यूपीडा से करार

राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता

गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना के अतिरिक्त धन का इंतजाम हो गया है। बैंकों के समूह से 2300 करोड़ ऋण स्वीकृत हो चुका है। इस कार्य के लिए एक बैंक कंर्सोशियम के गठन करने की मंजूरी कैबिनेट द्वारा प्रदान की गयी है। इसके तहत यूपीडा को पांच सौ करोड़ का कर्ज दिया गया।

यूपीडा के सीईओ अवनीश अवस्थी को गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे के लिए ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान करते बैंक ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक बृजलाल।

इसके तहत शुक्रवार को बैंक ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक बृजलाल द्वारा 500 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृति पत्र अवनीश अवस्थी को प्रदान किया गया। इससे पहले पंजाब नेशनल बैंक द्वारा 750 करोड़, यूको बैंक द्वारा रु 250 करोड़, बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा 250 करोड़, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 250 करोड़ और केनरा बैंक द्वारा 300 करोड़ का ऋण स्वीकृत किया गया है। पंजाब नेशनल बैंक द्वारा गोरखपुरलिंक एक्सप्रेस-वे परियोजना के लिए बनने वाले बैंक कंर्सोशियम का नेतृत्व किया जाएगा। सम्पूर्ण ऋण राशि तीन वर्षों में जरूरत के अनुसार निकाली जाएगी।